हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 25 दिसंबर 2023
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 27.8 डिग्री
न्यूनतम 13.2 डिग्री


रविवार की रात पुलिस ने विभिन्न चौक चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया। जिससे हड़कंप मचा रहा।

## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस के रूप में मनेगी अटल की जयंती



**बिलासपुर।** भाजपा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। इस दिन बूथों और मंडलों में विविध रचनात्मक कार्यक्रम होंगे। नई दिल्ली में उनकी याद में बनी सदैव अटल स्मारक में प्रातः देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके साथ साथ देशभर के भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार एवं प्रदेश भाजपा की योजना अनुरूप 25 दिसंबर को पार्टी संगठन बूथ एवम मण्डल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम तय किए गए हैं। जिसमे प्रत्येक बूथों में अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्भुत व्यक्तिव और कृतित्व पर चर्चा करना, उनकी कविताओं का पाठ व रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

### मुख्यमंत्री साय का नगर आगमन आज



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का 25 दिसंबर को नगर आगमन होगा। इस दौरान वे शहर में आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार श्री साय 25 दिसंबर को सुबह 11.05 बजे रायपुर पुलिस लाइन से हेलीकाप्टर द्वारा बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। वे सुबह 11.35 बजे प. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि हेलीपेड बिलासपुर पहुंचेंगे। यहां कार से सुबह 11.40 बजे अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय में आयोजित कुल उत्सव 2023 - नामकरण एवं लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे। दोपहर 12.25 बजे यहां से कार से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर उमाविद्यालय सेंदरी कोनी पहुंचेंगे। दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 1.15 मिनट तक विद्या भारती के पदाधिकारियों से भेंट कर दोपहर 1.20 बजे पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय हेलीपेड बिलासपुर से हेलीकाप्टर द्वारा रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### उप मुख्यमंत्री साव लोरमी लालपुर के दौरे पर आज



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव 25 दिसंबर को लोरमी क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान श्री साव का विभिन्न संगठनों द्वारा जगह- जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। श्री साव सुबह 10.15 बजे बिलासपुर से पेंड्री तालाब लोरमी के लिए रवाना होंगे। दोपहर 1 बजे वे पेंड्री तालाब लोरमी पहुंचेंगे। जहां दोपहर 1.15 बजे तक सामाजिक व राजनैतिक संगठन द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। दोपहर 1.20 बजे से 2.30 बजे तक धान बोनस राशि वितरण समारोह में शामिल होंगे। शाम 6 बजे ग्राम कोतरी अखिल भारतीय मानस सम्मेलन में शामिल होंगे। शाम 6.30 बजे ग्राम कोतरी से जहरागांव तखतपुर होते हुए बिलासपुर शाम साढ़े 7 बजे अपने निवास पहुंचेंगे। जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे।

## हाईकोर्ट के निर्देश

### 5 साल पुराने लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें

# प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में 4 लाख 7 हजार मामले लंबित, 54 सिविल प्रकरणों की 20 सालों से चल रही सुनवाई, 4 हजार मामले 10 साल पुराने

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

सिविल मामलों की सुनवाई सालों चलती है यह तो हमेशा ही कहा जाता है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड का डेटा भी इसकी पुष्टि करता है। इस डेटा के अनुसार इस समय प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में 4 लाख 7 हजार मामले लंबित हैं। इसमें तीन लाख 28 हजार 778 आपराधिक और 78 हजार 296 सिविल प्रकरण शामिल हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो 20-30 साल पुराने 54 सिविल, 10-20 साल पुराने 321, 5-10 साल पुराने 3879 और 1 साल पुराने 48 हजार 347 प्रकरण पेंडिंग लिस्ट में शामिल हैं। हालांकि हाईकोर्ट द्वारा सभी न्यायालयों को 5 साल से ज्यादा पुराने प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। 2023 में आयोजित लोक अदालत के दौरान प्रमुखता के साथ इनका निराकरण भी किया गया।



अलग खबर
- तीन लाख 28 हजार 778 आपराधिक और 78 हजार 296 सिविल प्रकरण फिलहाल लंबित

बता दें कि ई-कोर्ट परियोजना के तहत देशभर के 18,735 जिला और अधीनस्थ न्यायालयों और उच्च न्यायालयों ऑनलाइन जोडा. गया है। इसके जरिए जिला और तहसील अदालतों द्वारा डेटा को अपडेट किया जाता है। इसमें बिलासपुर जिले में 13021 मामले तो रायपुर जिले के 13395 सिविल के लंबित प्रकरण शामिल है। दूसरी ओर प्रदेश के सभी जिला न्यायालय में 9 दिन तक सिविल प्रकरणों की सुनवाई नहीं होगी। विंटर सीजन के चलते अदालतों में 22 से 31 दिसंबर तक अवकाश रहेगा। इसके चलते करीब 20 फीसदी प्रकरणों की सुनवाई को आगे बढ़ाया गया है। बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा इसका आदेश जारी किया गया है। अवकाश अवधि के दौरान केवल आपराधिक, अतिआवश्यक सिविल और हाईकोर्ट द्वारा निर्देशित प्रकरणों की सुनवाई होगी। सिविल के लंबित प्रकरणों को संबंधित कोर्ट द्वारा आगामी सुनवाई की तारीख जारी की जाएगी। इनकी सुनवाई अदालत 1 जनवरी से शुरू होगी। इसके साथ ही राजस्व न्यायालयों की बात करें तो जिले में 7 हजार मामलों की सुनवाई महीनों से चल रही है।

### फैक्ट फाइल

| जिला | सिविल प्रकरण |
|---|---|
| बिलासपुर | 13021 |
| रायपुर | 13395 |
| दुर्ग | 6924 |
| रायगढ़ | 5371 |
| राजनांदगांव | 3580 |

### राजस्व न्यायालयों में 7 हजार मामले लंबित

बिलासपुर संभाग में शामिल 7 जिलों में कलेक्टर से लेकर नायब तहसीलदारों के न्यायालय तक 27 हजार से अधिक मामले लंबित हैं। इनमें नामांतरण, सीमांकन, खाता विभाजन और डायवर्सन के मामले अधिक हैं। इनका निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश तो है लेकिन सुनवाई धीमी है। सिर्फ बिलासपुर की बात करें तो चुनाव आचार संहिता में काम नहीं होने के कारण जिले के राजस्व न्यायालयो में सात हजार के करीब मामले लंबित हो गए हैं। हालांकि न्यायालय और मूल न्यायालय में लंबित मामलों के आंकड़े अलग-अलग हैं। इनमें ऐसे भी मामले हैं जो पिछले कई महीनों से लंबित हैं, लेकिन इस पर सुनवाई तक नहीं हो पा रही है। दरअसल समय पर मामलों की सुनवाई नहीं करने और अधिकारियों के दूसरे कामों में व्यस्त रहना इसका मुख्य कारण है।

### लोक सेवा केन्द्रों में भी 6000 पेंडेंसी

राजस्व न्यायालयों में आम तौर पर जन सेवा से जुड़े कई आवेदन जिले के लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से एप्रूवल के लिए भेजे जाते हैं। इनमें जाति प्रमाण पत्र, आमदनी प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र समेत अन्य प्रकरण शामिल हैं। इनकी संख्या 5000 के पार हो हो गई है। इस बारे में पक्षकार जब तहसील और राजस्व कोर्ट पहुंच रहे हैं तो उन्हें व्यस्तता का हवाला देकर चलता कर दिया जा रहा है।

### अवकाश अवधि में भी होगी सुनवाई

शीतकालीन छुट्टियों के कारण सिविल प्रकरणों की सुनवाई 9 दिनों तक अस्थायी रूप से बंद रहेगी। अवकाश अवधि में केवल अति आवश्यक, हाईकोर्ट द्वारा निर्देशित और क्रिमिनल प्रकरणों की सुनवाई होगी।

**- कमल सिंह,** अध्यक्ष
जिला अधिवक्ता संघ बिलासपुर

# हैप्पी स्ट्रीट: 6.52 करोड़ का ठेका 8.4 करोड़ पहुंचा, अब तक 80 प्रतिशत ही हुआ काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**शनिचरी रपटा के पास चल रहे निर्माण कार्य को 30 नवंबर तक मिला था एक्सटेंशन, अब ये मियाद भी खत्म, ठेकेदार जनवरी तक मांग रहा समय**

स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शनिचरी चौपाटी की कंक्रीट उखाड़कर वहां 'हैप्पी स्ट्रीट' का निर्माण कराया जा रहा है। हैप्पी स्ट्रीट को 30 सितंबर 2023 तक बन जाना था, ताकि गणेशोत्सव से लेकर नए साल तक लोग नए निर्माण का लुत्फ उठा सकें। लेकिन लेटलतीफी का आलम यह रहा कि समय पर काम पूरा ही नहीं हो पाया। जिसके बाद ठेकेदार को 30 नवंबर तक एक्सटेंशन दिया था। लेकिन अब इसकी मियाद भी पूरी हो चुकी, लेकिन अब तक 80 प्रतिशत ही काम हो पाया है। अब ठेकेदार ने काम पूरा करने जनवरी 2024 तक के एक्सटेंशन की मांग की है। निगम के अफसरों की माने तो हैप्पी स्ट्रीट के निर्माण के लिए प्रारंभ में 6.52 करोड़ का वर्क आर्डर किया गया था। लेकिन अब रिवाइज एस्टीमेट के मुताबिक 8.04 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। सालभर से यहां काम चल रहा है, लेकिन दी गई मियाद में ठेकेदार इसे पूरा नहीं कर पा रहा है। अब स्मार्ट सिटी ठेकेदार को दूसरी बार एक्सटेंशन देने की तैयारी में है।



शनिचरी बाजार के पास चौपाटी में चल रहा 'हैप्पी स्ट्रीट' का काम।

### अभी 20 प्रतिशत बाकी

ठेकेदार को 30 नवंबर तक कार्य पूरे करने के निर्देश दिए थे। अब तक 80 प्रतिशत कार्य हुआ है। 20 प्रतिशत काम ही बाकि है। एक्सटेंशन के मामले में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जनता को सहूलियत उपलब्ध कराने के लिए कार्य जल्द पूरा करने कहा गया है।


**- गोपाल सिंह ठाकुर,** सहायक प्रबंधक स्मार्ट सिटी बिलासपुर।

### तरह-तरह के प्रयोग में फूंक चुके रुपए

हैप्पी स्ट्रीट से पहले नगर निगम ने साल 2009 में शनिचरी में अरपा नदी के किनारे आमजन को शाम का वक्त बिताने के लिए 'शनिचरी चौपाटी' का निर्माण कराया था। करीब एक करोड़ रुपए खर्च कर नदी के किनारे कांक्रीटीकरण ओपन स्पेस तैयार किया गया। नदी के हिस्से में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री, ग्रिल लगाई गई। ओपन थिएटर के लिए मंच बनाया गया। इसके बाद यहां सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम होने लगे। परंतु साल भर से यहां सारी सांस्कृतिक गतिविधियां ठप हैं। हैप्पी स्ट्रीट के नाम पर कंक्रीट, टाइल्स और मंच को तोड़फोड़ कर वहां नया ओपन थिएटर का मंच बनाया जा रहा है।

### टाइल्स, उद्यान सहित कई कार्य अधूरे

शनिचरी रपटा के पास बन रहे हैप्पी स्ट्रीट में 300 मीटर की लंबाई तथा 70 मीटर की चौड़ाई में बच्चों के किड्स प्ले के उपकरण लगाए जाएंगे। वहीं साइकिलिंग करने वालों के लिए साइकिल ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। खूबसूरती बढ़ाने के लिए लैंड स्केपिंग, उद्यान तथा मनोरंजन के लिए म्यूजिकल फाउंटेन, रंगबिरंगी रोशनी बिखेरने वाली लाइटिंग करने का काम बाकी है। पैदल चलने वालों के लिए पाथ वे, सुस्वाद व्यंजन के स्टाल लगाने के लिए माडल कियोस्क लगाने की भी योजना है। इसे नगर निगम की ओर से तैयार कर आबंटित किया जाएगा। यहां अब तक न तो उद्यान बना है और न ही टाइल्स लगाने का काम पूरा हो पाया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को मंच प्रदान करने के लिए ओपन थिएटर का कार्य पूर्णता की ओर है।


अरपा किनारे 'हैप्पी स्ट्रीट' पर लगाई गई लाइट।

### प्रबंधन कह रहा सब ठीक


मातृ एवं शिशु अस्पताल के छत से टपक रहा पानी।

# अस्पताल के फ्लोर में भर रहा ड्रेनेज का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल में अव्यवस्था का आलम है। यहां ड्रेनेज की समस्या सालों से जस की तस बनी हुई है। कुछ माह पहले ड्रेनेज सुधराया गया था लेकिन थोड़े दिन बाद स्थिति बदहाल हो चुकी है। रविवार को मातृ एवं शिशु अस्पताल के फर्स्ट फ्लोर में ड्रेनेज का पानी भर गया, इस दौरान मरीजों को गंदी पानी से होकर गुजरना पड़ा।

यह स्थिति कमोबेश रोज सामने आ रही है इसके बावजूद प्रबंधन सुधार को लेकर महज दावे कर रहा है, जबकि स्थिति जस की तस है। दरअसल ड्रेनेज में लीकेज की समस्या है, इसके साथ ही पाइप लाइन कई जगहों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। वहीं सीवरेज की पाइप लाइन भी खराब है, जिससे परिसर में कई बार गंदा पानी फैल जाता है, ग्राउंड फ्लोर के बाहर के एरिया में भी गंदगी का आलम दिखाई देता है।

### लिफ्ट सालों से बंद

मातृ एवं शिशु अस्पताल में दो लिफ्ट है, 4 फ्लोर के अस्पताल में गर्भवती महिला व बच्चों को लिफ्ट में गुसने की जगह भी नहीं मिल पाती है। पूरा अस्पताल एक ही लिफ्ट के भरोसे चल रहा है, जबकि दूसरे लिफ्ट को बनवाने की फुर्सत प्रबंधन के पास नहीं है। कई बार नर्स और डाक्टरों को भी सीढ़ियों के सहारों ऊपर चढ़ना पड़ता है। बताया जा रहा है कि जीवन दीन समिति का फंड प्रबंधन मनमाने तरीके से उपयोग कर रहा है, जबकि मरीजों के हितों को देखते हुए सालों से बंद पड़ी लिफ्ट बनवाने में प्रबंधन नाकाम है।

### जानकारी ली जाएगी

पानी भरने की समस्या पहले थी, अभी भी लीकेज है इसकी जानकारी नहीं है। स्टाफ से जानकारी ली जाएगी।

**- डॉ आशंका बंजारे,** आरएमओ
जिला अस्पताल

# कोरोना को लेकर सिम्स सतर्क वार्ड खोलकर की मॉकड्रिल



**लगातार हो रहे टेस्ट, 3 दिन में नहीं मिला है एक भी मरीज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में बढ़ रहे कोरोना के मामलों को देखते हुए सिम्स प्रबंधन भी सतर्कता बरत रहा है, भले ही जिले में तीन दिन में एक भी मरीज नहीं मिला है। प्रबंधन ने रविवार को 10 बेड का कोरोना वार्ड भी खोल दिया है, साथ ही जांच सेंटर के साथ माकड्रिल भी की गई है, ताकि आपातकालीन स्थिति से निबटन का बेहतर प्रबंध किया जा सके।

डॉ केके सहारे ने बताया कि शासन द्वारा कोरोना अलर्ट जारी करते ही सिम्स प्रबंधन ने इस बारे में एतिहातन शुरू कर दिया था, सर्दी और खांसी से पीड़ित व्यक्तियों की तत्काल जांच कराई जा रही है, परिसर में कोरोना जांच सेंटर खोल दिया गया है, यह सेंटर पहले भी था, लेकिन मरीज नहीं आने पर जांच नहीं हो पा रही थी। वहीं पुराना कोविड वार्ड एक बार फिर खोला गया है,जिसमें भर्ती होने वाले मरीजों को सभी तरह की सुविधाएं मिल सकेगी। आक्सीजन सिलेंडर और अन्य जरूरी उपकरणों की स्थिति सुनिश्चित की गई है। रविवार को सुबह कोरोना के आपातकालीन स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्टाफ द्वारा माकड्रिल किया गया है।

## जिले के 62 हजार किसानों को मिलेगा 197 करोड़ का बोनस

# किसानों को मिलेगा 2 साल का बोनस आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन दिवस के मौके पर 25 दिसंबर को किसानों के 2 साल का बकाया बोनस वितरण कार्य का शुभारंभ करेंगे। बिलासपुर जिले के 60 हजार किसानों के खातों में 197 करोड़ रुपए जमा हो जाएगी। मुख्यमंत्री रायपुर से वीसी के जरिए बटन दबाकर राशि का ऑनलाइन अंतरण करेंगे। बिल्हा के कुछ किसानों से वर्चुअली संवाद भी करेंगे। जिले की चारों ब्लॉकों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सुशासन दिवस व बोनस वितरण संबंधी सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। राज्य शासन के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर धान बोनस राशि वितरण सामारोह का आयोजन हर विकासखंड में 25 दिसंबर को किया जाएगा। जिला बिलासपुर अंतर्गत चारों विकासखंड बिल्हा, तखतपुर, कोटा एवम मस्तूरी में सुशासन दिवस का आयोजन होगा। शासन के निर्देश अनुसार विकासखंड बिल्हा में विधायक धरम लाल कौशिक, तखतपुर में विधायक धर्मजीत सिंह , कोटा में विधायक बेलतेरा सुशांत शुक्ला और मस्तूरी में विधायक अमर अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगे।

- मुख्यमंत्री बटन दबाकर करेंगे खाते में राशि का अंतरण



### 62 हजार कृषकों के खाते में लगभग 197 करोड़ रुपए अंतरित होंगे

नोडल अधिकारी ने बताया कि इस दिन कृषकों को पूर्व वर्ष 14-15 और 15-16 का शेष बोनस की राशि, जो 300 रुपए प्रति क्विंटल है उनके खाते में अंतरित की जाएगी। बिल्हा, कोटा, तखतपुर और मस्तूरी चारो विकासखंड में लगभग 62 हजार कृषकों को लगभग 197 करोड़ रुपए उनके खाते में अंतरित होगा। कलेक्टर अवनीश शरण के मार्गदर्शन में शासन के निर्देश अनुसार सारी तैयारियां पूर्ण करा ली गई है। विकासखंड बिल्हा में धान मंडी प्रांगण, तखतपुर में धान मंडी प्रांगण, कोटा में खेल मैदान और मस्तूरी में मंडी प्रांगण में दोपहर 12 बजे कार्यक्रम होगा। इसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और किसान उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विकासखंड बिल्हा में कृषकों से सीधा संवाद करेंगे। कार्यक्रम में बोनस पाने वाले कृषकों को बोनस प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा।


Merry Christmas



CAKE SHOPEE
Christmas & New Year Cake Available
अरोरा स्टोर्स
SHRI SHYAM BAKERY & FOODS, ANKIT NAMKEEN
बृहस्पति बाजार, बिलासपुर (छ.ग.) 495 001
फोन: 07752 413258, मो.: 9827164721


MERRY CHRISTMAS
Affiliated to CBSE Delhi
Affiliation No. : 3330385
HOLY CROSS
SENIOR SECONDARY SCHOOL
ADMISSIONS OPEN 2023-24
Nursery to Class - IX and XI
With Humanity, Commerce & Science Stream
Admission forms Available on Online
www.holycrosslalkhadan.com
Opp. Chouksey Eng. College, Lalkhadan, Bilaspur
Mob. : 8463057366, 9301995351


क्रिसमस
एवं
नववर्ष 2024
की
हार्दिक बधाई
आपका
सेक्रेड हार्ट चर्च
रेल्वे कॉलोनी बिलासपुर
भारत माता हायर सेकेन्ड्री स्कूल (हि./मा.)
भारत माता हायर सेकेन्ड्री स्कूल (अं./मा.)
प्रवेश - प्रारंभ


चर्च ऑफ क्राइस्ट शेफर मिशन इन इंडिया
कुदुदण्ड, बिलासपुर
"जो लोग अंधियारे में चल रहे थे उन्होंने बड़ा उजियाला देखा; और जो लोग घोर अंधकार से भरे हुए मृत्यु के देश में रहते थे, उन पर ज्योति चमकी। (मती 4:15,16, लूका 1:79) यशायाह 9.2"
Wish You Merry Christmas
अध्यक्ष-प्राचीन भाई मनोरंजन एलकाना
उपाध्यक्ष-प्राचीन भाई संजय विल्सन
सचिव-पास्टर निखिल पॉल
कोषाध्यक्ष-भाई विनय जेम्स
संरक्षक-भाई राजेश मकबूल, भाई के एम के पॉल,
विशेष सलाहकार-भाई आलोक विल्सन
पास्टर निखिल पॉल एवं समस्त सदस्य
चर्च ऑफ क्राइस्ट, बिलासपुर
मो.: 9329606363, 7693070600



Merry Christmas
AND
HAPPY NEW YEAR
St. XAVIER'S HIGH SCHOOL
(A Unit of St. Xavier's Chain of School )
BILASPUR REGION
☎07752-655611
Vyapar Vihar | Sarkanda | Bharni | Sirgitti
Kota | Mungeli | Akaltara


मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
क्रिसमस एवं नववर्ष 2024 की
हार्दिक शुभकामनाएं
Mrs Tanuja Paul
Principal & All Staff
Mr. Jaideep S. Robinson
(Secretary Chhattisgarh Diocese Board of Education)
बृहस्पति बाजार, शिवाजी चौक,
बिलासपुर (छ.ग.) फोन : 07752-411118


क्रिसमस एवं नववर्ष की
हार्दिक शुभकामनाएं...
St. Vincent Pollotti
Sr. Sec. School
CBSE Affiliated (Affiliation No. 3330103)
27 Kholi, Mangala Road, P.B. No. 18, Bilaspur (C.G.)
Ph. 07752405706, 271232
Email-principalsvp@gmail.com


डिसाईपल्स ऑफ ख्राइस्ट चर्च (बड़े)
बिलासपुर की ओर से
समस्त नगरवासियों एवं मसीहियों को
क्रिसमस की शुभकामनाएं
पादरी एन.आर.बर्डे
(पास्टर)
डॉ. विक्रांत सिंह
अध्यक्ष
पी. जे. नथानिएल
सचिव
मुकेश पन्नालाल
कोषाध्यक्ष
एवं समस्त चर्च कौंसिल के सदस्यगण,
डिसाइपल्स ऑफ ख्राइस्ट फेलोशिप चर्च, हिर्री माईन्स, बिलासपुर
AdPRAYAS


सबसे कम खर्च में
पानी गरम करने का
आसान तरीका
क्लीफ्टोन
पोर्टेबल गीज़र
Clifton®
Portable Geyser
2 साल
की गारंटी
जहां चाहो, जहां चाहो
तुरंत गरम पानी
बिना किसी झंझट के!
मात्र- ₹ 1360/-
मात्र 8 सेकण्ड में गर्म पानी
इलैक्ट्रिकल्स सामानों के चिल्हर एवं थोक विक्रेता
रवि इलेक्ट्रिकल्स एण्ड फैंसी लाईट
मो. 7987204029, 98271-52158


Disciples of Christ Church
Wishes you a
Merry Christmas
May your heart be lifted in praise this Christmas for the wonderful gift of Jesus Christ and the joy He brings to our lives
Merry Christmas & Blessed New Year
Rev. Anurag Nathaniel
Rev. Swapnil Navgire & Rev. Angel Nathaniel Navgire
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### छग शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने की विधायक अमर से भेंट



**बिलासपुर।** छग शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को नगर विधायक अमर अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री अग्रवाल ने संघ का आभार व्यक्त करते हुए सभी को सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। प्रतिनिधि मंडल में छग शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष डॉ अशोक गुप्ता, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार कश्यप, जिला सचिव संतोष तिवारी, तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष रोहित भांगे, सचिव विनोद शर्मा, संगठन मंत्री शिव श्रीवास, मधुसूदन शर्मा, मस्तूरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल




**बिलासपुर।** शहर के जरूरतमंद रिक्शा चालक, रोड पर सोने वाले बेसहारा लोगो को कड़कड़ाती ठंड की ठिठुरन से बचाने के लिए रात्रि 11 बजे संस्था के सदस्यों ने कम्बल वितरित किया। संस्था की सचिव अरूणिमा मिश्रा का कहना है की जरूरत मंदो व असहायों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने क्षेत्र के सक्षम लोगो से भी गरीब बेसहारा लोगो की मदद करने के लिए आह्वान किया। इस मौके पर पंकज मिश्रा, दिनेश दिग्सकर, गोविंद राय, हिमांशु कश्यप उपस्थित रहे।



ईशान भंडारी निक्कू को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते समर्थक

# सेक्रेट हार्ट चर्च रेलवे में बांटी गई प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां

**कैंडल जलाकर एक-दूसरे से मिले गले, गौशाले की झांकी रही दर्शनीय**







**बिलासपुर।** सेक्रेट हार्ट चर्च भारत माता रेल्वे में रविवार की मध्य रात्रि प्रभु यीशु का जन्म दिन बड़े उत्साह से मनाया गया। इस दौरान सजाए गए गौशाले में प्रभु यीशु का जन्म हुआ। जन्म होते ही उपस्थित मसीहियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी लोग हैप्पी क्रिसमस बोलकर एक-दूसरे के साथ मिलकर जन्म की खुशियां बांटी।

दिसंबर का महिना मसीहियों के लिए खुशियों का पैगाम लेकर आता है। उद्धार कर्ता प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव की खुशियां लाता है। बाइबिल के अनुसार पूर्व दिशा में एक चमकीला तारा दिखाई दिया। जिसे देखकर ज्योतिषियों ने बैतलहम के गौशाले जा पहुंचे। जहां तारा रूक गया और वहीं यीशु का दर्शन पाया गया। स्वर्गदूतों के दल ने परमेश्वर की बड़ाई करते हुए प्रशंसा के गीत गाए। रविवार को सेक्रेट हार्ट चर्च भारत माता रेल्वे में क्रिसमस की धूम रही। मरियम की स्तुति कर प्रभु की आराधना की गई। मसीहियों ने कैंडल जलाकर अपने खुशी का इजहार किया। मसीही समाज के सभी लोग नए-नए कपड़े पहनकर इस पर्व में उत्साह के साथ शामिल हुए और पर्व की खुशियां बांटी।

### डिसाइपल्स चर्च में आज होगा बाइबिल पाठ

सिविल लाइन स्थित डिसाइपल्स चर्च ऑफ ख्राइस्ट में सोमवार की सुबह 10 बजे प्रभु की विशेष आराधना होगी। गीत-ले लेना ख्रीस्ट अवतार, आओ विश्वासी जय-जय करते हुए...गाए जाएंगे। तेजस्वी सिंह बाइबिल का पाठ करेंगे। बच्चों की नामकरण विधि कराई जाएगी। शोभना सिंग का विशेष गीत होगा। वर्षित की आराधना पादरी स्वप्निल नवगिरे की अगुवाई में की जाएगी। फिर पास्टर अनुराग नथानियल का संदेश होगा। आशीष की प्रार्थना के साथ पर्व का समापन हो जाएगा। आज के कार्यक्रम में अहमदाबाद से आए पादरी कोरेस क्रिश्चियन भी उपस्थित थे।

### बच्चों ने किया क्रिसमस ड्रामा

चर्च ऑफ ख्राइस्ट सीएमडी चौक में पास्टर सुदेश पाल के नेतृत्व में संडे स्कूल के बच्चों ने जीवंत क्रिसमस ड्रामा पेश किया। मार्गेट पाल, राकेश पॉल, रीना दान, सुनीता डेनियल ने बच्चों को तैयार किया। प्रतिभागी निकिता पॉल, प्रिया जैसल, स्वाती डेनियल, जेनिफर पॉल, लिजा, जेनेलिया, अनुष्का, श्रेजल, स्वप्निल, सुशांत, प्रत्युष, सेनसन, बोनी एवं सनी लुईस ने ड्रामा में अपनी भूमिका को बखूबी निभाई। मंच संचालन एंजलिना पॉल ने किया। उपदेश प्रीति वालेस ने दिया। प्रार्थना मंजू निशा, मीनू संह, अरूणा दास, जेनिफर वालेस ने किया।

# शहीदी सप्ताह पर गुरुद्वारा में शबद कीर्तन

**बिलासपुर।** शहीदी सप्ताह वीर बाल दिवस के अंतर्गत श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा दयालबंद में रविवार को सफर ए शहादत धार्मिक गीत एवं शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। भाई प्रदीप सिंह जालंधर ने साहेबजादों की शहादत के इतिहास से संगत को परिचय करवाया एवं उनकी शहादत से प्रेरणा लेने की बात कही।

■ **संगत को साहेबजादों की शहादत से कराया अवगत**

कार्यक्रम में बच्चों, नौजवान कथाकारों, कीर्तन के जत्थो ने धार्मिक गीत प्रस्तुत किया। समूह साध संगत ने कीर्तन में सम्मलित होकर अरदास की। अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर बरतया गया। कार्यक्रम में आदर्श पंजाबी महिला संस्था, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी मान सिंह, आदर्श पंजाबी महिला संस्था की अध्यक्ष पम्मी गुंबर, संरक्षक शशि आहूजा, सचिव श्रद्धा खंडूजा, कोषाध्यक्ष रेशम कौर गंभीर, लक्की चावला, नीतू चावला, अंजली सलूजा, मीनू उपवेजा का सहयोग रहा। मंगलवार 26 दिसंबर को दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा।



गुरुद्वारा दयालबंद में रविवार को शबद कीर्तन कार्यक्रम में शामिल पंजाबी समाज की महिलाएं।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और वीर बाल दिवस कार्यक्रम के जिला संयोजक अमरजीत दुआ, दयालबंद गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह गांधी, जोगिंदर सिंह गंभीर, जगमोहन सिंह अरोरा, मनदीप सिंह गंभीर, सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, अमनदीप सिंह होरा, जसबीर सिंह गांधी, राम मक्कड़, विकास सलूजा सहित साध संगत की उपस्थिति रही।



# अक्षत कलश का पूजन करने उमड़ी भीड़

**बिलासपुर।** अयोध्या से पहुंची अक्षत कलश यात्रा रविवार को शहर एवं गांव के गली मोहल्ले में बाजे-गाजे के साथ पहुंची। इसका दर्शन, पूजन करने महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों की भारी भीड़ रही। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई। सभी कलश यात्रा के नेतृत्व हेतु अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

22 जनवरी को राम मंदिर के शुभारंभ अवसर पर पूरे देश में राम मंदिर न्यास ट्रस्ट द्वारा अक्षत के माध्यम से निमंत्रण भेजा जा रहा है। यहां भी छत्तीसगढ़ में सभी जिलों में अक्षत कलश यात्रा पहुंचने के बाद रविवार को बिलासपुर के सभी जोन में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। 1 जनवरी तक सभी घरों में राम मंदिर के शुभारंभ अवसर पर होने वाले कार्यक्रम के लिए श्रद्धालुओं को अक्षत देकर निमंत्रण दिया जाएगा। बिलासपुर में रविवार को 12 जगह से शहर के अनेक मंदिरों से कलश यात्रा निकली। मंगला चौक में मानस मंदिर हनुमान मंदिर से निकली कलश यात्रा में मंगला अमेरी, नेहरू नगर गीतांजलि नगर चंदेला नगर, व्यापार विहार पहुंची। रिंग रोड रानी दादी सती मंदिर से प्रकाश त्रिवेदी, चंद्रशेखर नायक तथा गिरीश त्रिवेदी के नेतृत्व में कलश यात्रा निकली जो चंदेला नगर दुर्गा मंदिर तक पहुंची। मध्य नगरीय चौक में भी हरदेव लाल मंदिर से कलश यात्रा निकली जो मसानगंज, तालापारा, जूनी लाइन, गोड़पारा होते हुए अनेक वार्डों में पहुंची। रेलवे क्षेत्र में भी आज अक्षत कलश यात्रा निकाली गई।

■ **गांव, गली मोहल्ले में बाजे-गाजे के साथ पहुंचा कलश**

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डॉ ललित मखीजा, डॉ विनोद तिवारी, मध्य नगरीय चौक में नारायण, मीणा गोस्वामी, राकेश तिवारी, संजय मुरारका, नीरज वर्मा, स्नेहलता शर्मा, राजेश मिश्रा, तेलीपारा में दुर्गा सोनी सरकंडा क्षेत्र में चंदू मिश्रा, विजय ताम्रकार, श्याम साहू, राजेश डिसूजा के अलावा काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### मंदिर में दर्शन के लिए रखा गया कलश

रेल्वे परिक्षेत्र में स्थित श्री कोदंडा रामालयम एवं श्री बालाजी मंदिर में रविवार को शाम 4 बजे 9 प्रखंडों में वितरित किए जाने वाले अक्षत कलश की पूजा-अर्चना आरती 200 भक्तों ने मंदिर के पुजारी के सानिध्य में दक्षिण भारतीय पद्धति से की। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप देने की तैयारी में माधव उपनगर के 9 मोहल्ला क्रांति नगर, विनोबा नगर, तारबाहर, रेल्वे कालोनी, लोको कालोनी, अन्नपूर्णा कालोनी, हेमू नगर, लाल खदान से लगभग 200 भक्तगण मंदिर प्रांगण पहुंचे। शोभायात्रा के साथ भ्रमण कर मोहल्ले के मंदिर में स्थापना की गई। मंदिर समिति ने सभी प्रभुतजनों को प्रसाद पुल्लियारम का वितरण किया। श्री कोदंडा रामालयम एवं श्री बालाजी मंदिर के गर्भ गृह में एक अक्षत कलश को भक्तों के दर्शन हेतु रखा गया है। इस मौके पर धीरेंद्र केशरवानी, प्रकाश यादव पूर्व पार्षद, गणेश रजक पूर्व पार्षद, आलोक रंजन पांडे, केदार खत्री, मनोज अग्रवाल, व्ही मधुसूदन राव, राकेश राज, शंकर रजक, मनोज रजक, जगन राव, सोनू जायसवाल, नरेंद्र श्रीवास, त्रिनाथ राव, बी वेणुगोपाल राव, पूजा विधानी, कलावती, हेमवती, श्रीमती पद्मवति, विजय लक्ष्मी पात्रो, श्रीनू पूर्व पार्षद, व्ही श्यामू, राजेन्द्र सिंह, गणेश परिहार, कुणाल साहू, गणेश मोदी, राजेश अग्रवाल, आयुष मेहता, नीलेश राव, अशोक वर्मा, जी व्ही नरसिंह मूर्ति, देव राजू, शनि प्रसाद दास, सूरज इस आयोजन में पहुंचे।





Authorised Main Dealer: BILASPUR- CHANDRA TVS Tel. 9109119171. USLAPUR- CHANDRA TVS Tel. 8982438075. SARKANDA- CHANDRA TVS Tel. 8962006914
Authorised Dealer : TAKHATPUR - Kaushik Auto Tel. 7898677598. SIPAT - Maa Mahamaya Auto Centre Tel. 9617077778. RATANPUR -Shri Sai Services Tel. 9827123748. PENDRA - Sumeet Motors Tel. 9406007324. MUNGELI - Shri Niranjam Motors Tel. 7000103560. GAURELLA - Mittal Motors Tel. 9424153222. BILHA- CHANDRA TVS Tel. 8982438077 . CHAKARBHATA- CHANDRA TVS Tel. 8982438074 . LORMI- CHANDRA TVS Tel. 9770662663
AdPRAYAS


मान. अरूण साव जी
को एतिहासिक जीत व छ.ग.शासन
में उपमुख्यमंत्री बनने के पश्चात्
प्रथम लोरमी आगमन एवं
विजय आभार रैली में
नंदन.. वंदन... अभिनंदन...
कार्यक्रम दिनांक- 25 दिसम्बर 2023, सोमवार
स्थान- मानस मंच लोरमी
ठा. भूपेद्र सिंह पूर्व विधायक लोरमी
मान. श्री अरूण साव जी
उपमुख्यमंत्री छ.ग.शासन
श्रीमती वर्षा सिंह
जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा मुंगेली
पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत लोरमी
विक्रम सिंह
भाजपा नेता
गजेन्द्र राजपूत
पीयूष साहू
संकलनकर्ता : - हरिभूमि प्रतिनिधि, नूतन गुप्ता लोरमी मो. 9981005353

24 DEC -BSP-Bhoomi- pg- 5_Layout 1 12/25/2023 3:14 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### सैनिक स्कूल आधारशिला विद्या मंदिर में शीतकालीन कराते प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



**बिलासपुर।** 7 दिवसीय शीतकालीन कराते प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सैनिक स्कूल आधारशिला विद्या मंदिर में रखा जा रहा है। छुट्टी के दिनों में रोजाना 2 घंटे कराते प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे स्कूल व आस पास के कराते खिलाड़ियों के लिए यह बेहतर अवसर है। कराते खिलाड़ियों को कूमिते और काता का प्रशिक्षण विशेष रूप से दिया जाएगा। जिससे आगे होने वाले जिला, राज्य व राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में अपने खेल का जौहर दिखा सके। अपने जिले व राज्य का नाम गौरवान्वित कर सके। इसके लिए सैनिक स्कूल आधारशीला विद्या मंदिर की प्राचार्य आर जी मधुलिका ने शुभकामनाएं दीं।

### चौथी जूनियर-सीनियर बालक-बालिका राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 27 से यूपी में



**बिलासपुर।** सॉफ्ट क्रिकेट टेनिस महासंघ के तत्वावधान में चौथीं जूनियर/सीनियर बालक/बालिका राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक मथुरा उत्तर-प्रदेश में किया जाना है। छग के टीम 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से रवाना होगी। संघ के सचिव लोकेश्वर राव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मौके पर संघ के पदाधिकारी प्राचार्य निवेदिता सरकार, प्रेम रंजन सिंह, नितिन राव भोसले प्रियंका भोसले, सुशांत वैद्यय, विकास राव, दीपक घाडगे, अवध पटेल, साधराम, उमेश कोसरिया आदि पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।


### केंवट समाज का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं मैराथन दौड़ आज

**बिलासपुर।** बिलासा सेवा समिति केंवट समाज द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ मछुआ समाज के सभी विद्यार्थियों के लिए केंवट, निषाद, धीवर व कहार समाज का संयुक्त रूप से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं मैराथन दौड़ 25 दिसंबर सोमवार को तोरवा थाना के सामने बंगाली स्कूल रेलवे परिक्षेत्र से प्रारंभ होगा। आयोजक समिति के दीप कैवर्त व काशी कैवर्त ने बताया कि 25 दिसंबर को सुबह 6 बजे से मैराथन दौड़ 5 किमी बंगाली स्कूल तोरवा थाना के सामने से प्रारंभ होकर इंटरसिटी होटल रोड-जगमल चौक- गांधी चौक-टैगोर चौक-तारबहार इंदिरा गांधी चौक-बड़े गिरजा चौक- तितली चौक वापस बंगाली स्कूल में समाप्त होगी। इस मैराथन दौड़ में पुरुष व महिला वर्ग के लिए अलग-अलग पुरस्कार विजेता को मिलेगा।

## कंपनी के उत्पादन-उत्पादकता व उपलब्धि की ली जानकारी

# कोल इंडिया के 7 स्वतंत्र निदेशक पहुंचे गेवरा, कुसमुंडा

**बिलासपुर।** कोल इंडिया से 7 स्वतंत्र निदेशकों ने गेवरा एवं कुसमुंडा खदान का दौरा किया। मुख्यालय में ली समीक्षा बैठक कोल इंडिया लिमिटेड से स्वतंत्र निदेशकगण दिनेश सिंह, जी. नागेश्वर राव, बी राजेश चंदर, पूनंभाई कलाभाई मकवाना, कामेश कांत आचार्य, अरुण कुमार उरांव एवं घनश्याम सिंह राठौर दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन 23 दिसंबर को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर पहुंचे। जहां सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा एवं एसईसीएल निदेशक मण्डल ने उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यालय में आज निदेशकगणों ने समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में एसईसीएल टीम ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी की उत्पादन-उत्पादकता, पिछले वित्तीय वर्ष की उपलब्धियां, इस वित्तीय वर्ष में कोयला उत्पादन, डिस्पैच, ओबीआर एवं पहली छमाही के नतीजे, भू-अधिग्रहण, पर्यावरण, सीएसआर, रेल कॉरिडोर, एफ़एमसी आदि विषयों के बारे में प्रकाश डाला।



एसईसीएल मुख्यालय में अतिथियों का सम्मान करते सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा।

### खदान की संचालन गतिविधियों को जाना

गेवरा भ्रमण के पश्चात सभी निदेशकगणों ने कुसमुंडा खदान का दौरा किया। व्यू पॉइंट पहुंच कर माइन प्लान के जरिए खदान की संचालन गतिविधियों को जाना। कुसमुंडा टीम ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी निदेशकगणों को खदान की उत्पादन-उत्पादकता से अवगत कराया। इस दौरान एसईसीएल के निदेशक (तकनीकी सह योजना/परियोजना) एसएन कापरी, निदेशक (वित्त) जी श्रीनिवासन एवं निदेशक (कार्मिक) देबाशीष आचार्या स्वतन्त्र निदेशकों के साथ रहे।

### खनन गतिविधियों का लिया जायज़ा

दौरे के पहले दिन कल निदेशकगणों ने एसईसीएल की गेवरा एवं कुसमुंडा खदानों में खनन गतिविधियों का जायजा लिया। सबसे पहले निदेशकगण गेवरा पहुंचे एवं कोयला खनन गतिविधियों का नज़दीकी से जायजा लिया। खदान में निदेशकगणों ने कोल फेस तक पहुंचकर वर्टीकल रीपर का संचालन एवं किस तरह बिना किसी ब्लास्टिंग के कोयला खनन किया जाता है देखा। ओबीआर गतिविधियों का जायज़ा लेते हुए उन्होनें 42 क्यूबिक मीटर शोवेल एवं 240 टन डंपर का किस प्रकार संचालन किया जाता है को जाना। गेवरा खदान के निरीक्षण से पहले सभी स्वतंत्र निदेशकगणों ने आम्र कानन में पौधरोपण किया।

### हमें चुनौतियों को स्वीकार कर, उनसे सीखकर आगे बढ़ते रहना चाहिए : सीएमडी



**बिलासपुर।** एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने आज आईआईएम रायपुर के प्रबंधन में कार्यकारी स्नातकोत्तर कार्यक्रम पीजी के चौथे बैच का उद्घाटन किया। उदघाटन कार्यक्रम आज आईआईएम रायपुर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा थे। इस अवसर पर डॉ मिश्रा ने कहा की हमें चुनौतियों को स्वीकार कर, उनसे सीखकर आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि चुनौतियों का सामना करने और खुद को लगातार बेहतर करने से व्यक्ति को खुद को निखारने एवं अपने व्यक्तित्व को और मजबूत बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने सभी को एक-दूसरे के साथ परस्पर सद्भावना एवं प्रेमपूर्ण व्यवहार करने के लिए प्रोत्साहित किया। वर्क-लाइफ बैलेंस के विषय पर उन्होंने जोर दिया कि हर व्यक्ति कि इसकी अपनी-अपनी परिभाषा होती। इसे केवल एक ही नजरिये से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने रामायण और महाभारत के कुछ उदाहरणों का जिक्र करते हुए इन पौराणिक कथाओं और समकालीन व्यावसायिक अनुभवों के बीच समानता पर भी चर्चा की। ईपीजीपी कार्यक्रम के चौथे बैच में विविध पृष्ठभूमि और भौगोलिक स्थानों से कुल 233 छात्र हैं। आईआईएम रायपुर के प्रबंधन में कार्यकारी स्नातकोत्तर कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को विभिन्न प्रबंधन विषयों में एक ठोस आधार देकर प्रबंधन में एक उन्नत कैरियर के लिए तैयार करना है जो प्रतिस्पर्धा के इस युग में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक है।

# बच्चों को शिक्षित व संस्कारी बनाया जाएगा

**बिलासपुर।** मंगला चौक तथा गतौरी स्थित बचपन प्ले स्कूल और अचीवर्स पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। 20 दिसंबर को मंगला चौक स्थित बचपन प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। वही 23 दिसंबर को गतौरी स्थित अचीवर्स पब्लिक स्कूल ने अपना पहला भव्य वार्षिक उत्सव मनाया। इस विशेष अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए शाला निदेशक वीरेंद्र चौहान और अभिभावकों के साथ-साथ मुख्य अतिथि गीतांजली तिवारी, डॉ आरके एस तथा भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का गौरव बढ़ाया। इस दौरान शाला के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। रंग बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से अभिभावकों व अतिथियों को मंत्र मुक्त कर दिया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें देश-विदेश की नृत्य,गीत आदि शामिल थे। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दर्शाता पंथी नृत्य, क्लासिकल फ्यूजन डांस, गतौरी शाखा के बच्चों ने श्री कृष्ण बाल लीला, माइन एक्ट मुख्य आकर्षक रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की। तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शाला की उप प्राचार्य रचना शर्मा और मिन्कू मिश्रा ने विद्यालय में हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

- **मंगला चौक तथा गतौरी स्थित बचपन प्ले स्कूल और अचीवर्स पब्लिक स्कूल में मना वार्षिकोत्सव**



### स्वादिष्ट व्यंजनों का अतिथियों ने लिया आनंद

इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का भी स्टॉल लगाया गया था। जिसका आनंद बच्चों से लेकर बड़ों ने भी लिया। शाला की प्राचार्य प्रीति चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्हें विश्वास दिलाया कि हमारे विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान बनाने की ओर ध्यान दिया जाएगा। अंत में शाला की सीसीए इंचार्ज प्रतीक्षा द्वारा उपस्थित सभी जनों की प्रति धन्यवाद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने में स्कूल की दोनों शाखा के स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

### फुटबॉल टीम यूपी रवाना होगी आज



**बिलासपुर।** अभा शिक्षा परिषद के तत्वावधान में 8वीं राष्ट्रीय जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन मथुरा (उत्तर-प्रदेश) में 27 दिसंबर से 29 दिसंबर तक तक किया जा रहा है। संघ के सचिव लोकेश्वर राव ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 12 राज्य शामिल होगें। जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों का चयन उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन खेल के आधार पर किया गया है। इस मौके पर संघ के पदाधिकारी निवेदिता सरकार, प्रेम रंजन सिंह, नितिन राव भोसले , श्वेता सिंह, अवध पटेल, साधराम, गणेश, उमेश कोसरिया ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम 25 दिसंबर को बिलासपुर रेल्वे स्टेशन से दोपहर 2 बजे छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से मथुरा के लिए रवाना होगी।

**चयनित खिलाड़ियों में-** बालक वर्ग - इंशान साहू, अंशुमन, आरव, डेहरिक, रचित, पीयूष, गौरव, निखिल, शरद, वेदांत, समर्थ, प्रांजय, उत्कर्ष, आदित्य, इंशान चंदेल। कोच एवं मैनेजर - हिमांशु कुमार, अवध पटेल हैं।

### कर्मचारी संघ ने लिए कई निर्णय

**बिलासपुर।** संगठनात्मक एवं कर्मचारी हितो से संबंधित अनेक मुद्दो को लेकर छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा की बैठक रविवार को कर्मचारी भवन में हुई। संघ के जिला शाखा अध्यक्ष राम कुमार यादव एवं सचिव किशोर शर्मा ने बताया की बैठक में निर्धारित अनेक एजन्डों पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया गया। बैठक में संघ के प्रदेश अध्यक्ष जीआर चन्द्रा ने कहा की संगठन को मजबूती प्रदान करने सभी पदाधिकारी लगातार सदस्यता अभियान जारी रखे। आगामी दिनो में कर्मचारी हितों से अनेक लम्बित मांगों को शासन से पूरा कराने आवश्यक रणनीति पर चर्चा करते हुए तैयार रहने आहवान किया। बैठक का संचालन किशोर शर्मा एवं आभार प्रदर्शन राम कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर संघ के पवन शर्मा, रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, मतीना बंजारे, मधु सुद, पूनम बघेल, चन्द्रशेखर यादव हिमांचल साहू, राजेश्वर वस्त्रकार, किशोरी लाल सोनी, किशोर नायक, अभिषेक तिवारी, वृन्दा दास मानिकपुरी, कमाल खान, शिवराम कश्यप, देवनारायण कश्यप, नरेन्द्र बरगाह, अनील कुमार गुप्ता, आदि उपस्थित थे।




# बोनस वितरण समारोह में शामिल होंगे साव व मोहले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली/लोरमी

भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मोत्सव सुशासन दिवस पर मानस मंच द्वारा धान बोनस राशि वितरण समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव और मुंगेली में आयोजित धान बोनस राशि वितरण समारोह सहित अन्य कार्यक्रम में विधायक पुन्नू लाल मोहले शामिल होंगे।





पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मोत्सव पर नगर एवं क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे परशुराम चौक पुराना बस स्टैण्ड स्थित गांधी पुतला व स्वर्ण जयंती स्तम्भ आदि में नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह के संयोजन में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर जन्मदिन मनाया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा 12 बजे वीर शहीद धनजंय सिंह राजपूत आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर मुंगेली में विधायक पुन्नूलाल मोहले के मुख्यातिथ्य में सुशासन दिवस के अवसर पर वर्ष 2014-15 व 2015-16 के धान बोनस का वितरण समारोह आयोजित है जिसमें हितग्राही किसानों को बोनस वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 5 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल सामुदायिक भवन पुराना बस स्टैण्ड मुंगेली में नगर पालिका द्वारा अटल संध्या कार्यक्रम का आयोजन विधायक पुन्नूलाल मोहले के मुख्यातिथ्य में किया गया है। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, नागरिक तथा जिला भाजपा अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

## डिप्टी सीएम साव लोरमी पहुंचेंगे आज

**लोरमी।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव 25 दिसम्बर की सुबह 10:15 बिलासपुर से पेंड्रीतालाब एन के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां ग्राम भाठापारा, वार्ड क्र.14 में, वार्ड क्र.15 में रेस्ट हाउस के पास, निरंजन अग्रवाल एवं मेडिकल एसोसिएशन, ओंकार सायकल स्टोर के पास, साहू बर्तन दूकान के पास, फौव्हारा चौक, आकाश मोबाईल दूकान के पास, अभिनंदन के दुकान के पास, जीपीएस कलेक्शन दुकान, मौर्य दुकान, अग्रवाल मेडिकल, काली मंदिर के पास, नरेश अग्रवाल के घर के पास, देवरहट भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारा, चंदन मौर्य दुकान के पास काली मंदिर के पास नरेश अग्रवाल के घर के पास अंजली वस्त्रालय के पास, चाईल्ड केयर हॉस्पिटल के पास, पुस्तकालय के पास स्वागत किया जाएगा।

## अड़भार पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा




पेंड्रा। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पेंड्रा के ग्राम अड़भार पहुंची, जहां भारतीय जनता युवा मोर्चा के ज़िला मंत्री प्रखर गुरुजी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और सुशासन की बदौलत केंद्रीय योजनाओं का लाभ आज देश के हर कोने तक पहुंच रहा है। कल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक का जीवन संवार रहा है। विकास और योजनाओं का लाभ अब केवल कुछ लोगों तक नहीं बल्कि गांव के हर व्यक्ति तक पहुंच रहा है। यह यात्रा शाम को ग्राम कुड़कई में प्रवेश की, जहाँ स्थानीय विधायक प्रणव मरप्पची उपस्थित रहे।

## किसानो के खातों मे 2 साल का बोनस आज

**पथरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपाई के जन्मदिवस को भाजपा द्वारा सुशासन दिवस के रूप मे मनाया जाता है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सुशासन दिवस के अवसर पर सोमवार 25 दिसंबर को 2014-2015 एवं 2015-2016 धान के बोनस का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित होंगे। दोपहर 12.30 कार्यक्रम का आयोजन नेहरू स्टेडियम परिसर पथरिया मे होगा, जिसमें नगर सहित ग्रमीण क्षेत्र से सैकड़ो लोग उपस्थित रहेगें।

# भाई ने भाई की टंगिया मारकर की हत्या




**भर्रीडांड़।** मरवाही क्षेत्र में डायल 112 को रायपुर से इवेंट प्राप्त हुआ कि घिसलू धनुहार को उसका भाई टांगिया से गले के पास संघातिक चोट पहुंचाया है, जो रोड में पड़ा हुआ है। सूचना पर डायल 12 मौके पर पहुंची, जहां घिसलू धनुहार की मौत हो चुकी थी। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना प्रभारी मरवाही मौके पर तत्काल पहुंचे।

थाना प्रभारी मरवाही द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपी धनुहार टोला कटरा निवासी बरतू धनवार पिता जगलाल धनुहार उम्र 65 साल से पूछताछ की गई। उसने बताया कि चाचा का लड़का बार-बार गाली गलौज करता था। परेशान होकर उसने मौका देखकर टंगिया से गले में वारकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टंगिया को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक केके शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक नवीन मिश्रा, चंदन सिंह, आरक्षक इंद्रपाल आर्मो, डालूराम शामिल थे।

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास, निरतू (तखतपुर), बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास–198 मूल आबंटी श्री गजेन्द्र कुमार वस्त्रकार पिता श्री मयाराम वस्त्रकार के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 08.03.2011 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 11.08.2023 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम मो. मुमताज पिता मो. रमजान के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय / अर्द्धशासकीय /वित्तीय संस्था /बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा भूस्वामी मोहम्मद यूसूफ अंसारी, मो. युनूस अंसारी पिता मो. याकूब अंसारी निवासी 27 खोली बिलासपुर के नाम ग्राम परसदा प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नं. 317/3 रकबा 1100 वर्गफुट एवं खसरा नं. 317/2 (शामिल खसरा नं. 318) का रकबा 6325 वर्गफुट कुल रकबा 7425 वर्गफुट (55X135) जो कि बिलासपुर- रायपुर मुख्य मार्ग परसदा शारदा मंदिर के सामने स्थित है को खरीदने का पक्का सौदाकर बयाना राशि देकर अनुबंध कर चुके है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहाँ उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है, तथा इसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी, सो सूचना जानें।

**भवदीय**
**कादिर भाभा**
**शॉप नं. 103 बाजपेयी चेम्बर्स**
**राजेन्द्र नगर, बिलासपुर**
**मो. 9827896182**

**आम सूचना**

मैं अपने कार्यार्थी अभिषेक कुमार तिवारी पिता श्री धनश्याम तिवारी निवासी मुख्य मार्ग, मोपका, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि श्रीमती सुनीता कौर चावला पति श्री पी. एस. चावला, निवासिनी मुख्य मार्ग, मोपका, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने अपने एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के ग्राम मोपका प.ह.नं. 19/29 रा.नि.मं. मोपका तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) खसरा क्रमांक 829/9 क्षेत्रफल 0.06 एकड़ (0.024 हेक्टेयर) /2616 वर्गफीट (परिवर्तित शीट कमांक 18 भू-खण्ड क्रमांक 203 क्षेत्रफल 2566 वर्गफीट स्थित भूमि, जिसकी चतु:सीमा के पूर्व में रास्ता, पश्चिम में मधु छावड़ा की भूमि, उत्तर में ललित पगारे का मकान एवं दक्षिण दिशा में विक्रेता/श्रीमती सुनीता कौर का मकान, जिसे दिनांक 03.11.2007 को सुनीता कौर ने श्री के. एस. नागोत्रा से कय कर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम नामांतरित कराया है में से 2500 वर्गफीट को श्रीमती सुनीता कौर ने मेरे कार्यार्थी से योग 40,00,000.00 (चालीस लाख रू.) प्रतिफल मूल्य में विक्रय करने का लिखित अनुबंध कर उससे प्रतिफल मूल्य की आंशिक राशि योग 36,00,000.00 (छत्तीस लाख रू.) प्राप्त कर लिया है तथा शेष राशि विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक को प्राप्त करेगी। मेरा कार्यार्थी विक्रय पत्र पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने के लिये तत्पर एवं तैयार है।

अत: जिस किसी शासकीय अशासकीय बैंक, व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के विकय पत्र पंजीयन में कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा समय व्यतीत होने के पश्चात् प्रस्तुत कोई भी आपत्ति या दावा मान्य नहीं किया जावेगा। अत: जन सामान्य सूचना से अवगत हों।

बिलासपुर

**प्रकाशक**
**विवेक सिंह ठाकुर अधिवक्ता**
**महाराणा प्रताप भवन के सामने**
**अरविंद नगर सरकंडा तहसील एवं**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल नं. 9827111681**




# धूमधाम से मनाया जाएगा क्रिसमस पर्व आज

**मुंगेली।** मसीह समाज द्वारा सोमवार 25 दिसंबर को क्रिसमस बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी पूर्ण की जा चुकी है। घरों में साफ-सफाई रंग रोगन कर सजाया गया है। नए कामों की शुरूआत की तैयारियां भी की जा रही है। मसीही समाज पास्टरों के नेतृत्व में हर घर में प्रभु यीशु द्वारा बताए शांति, सच्चाई, भाई चारा के संदेशों को कैरोल गीतों के माध्यम से घर-घर तक पहुंचा रहे हैं। क्रिसमस डे को लेकर मसीही समाज के लोगों में खासा उत्साह हैं। इस बार क्रिसमस में इलेक्ट्रानिक ट्री, रंग-बिरंगे ग्रीटिंग, बेल, सांता टोपी, सांता सॉफ्ट सहित कई तरह की चीजें आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं। क्रिसमस को लेकर युवाओं एवं लड़कियों में ज्यादा उत्साह हैं। सभी क्रिसमस को खास बनाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। क्रिसमस का दिन प्रभु यीशु का जन्मोत्सव होता है और इस बड़े दिन को यादगार बनाने बाजार में खरीददारी के लिए लोग पहुंच रहे हैं। 25 दिसंबर को मनाएं जाने वाले क्रिसमस के लिए गिरजाघरों में साफ-सफाई के साथ प्रार्थना, गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रिहर्सल भी शुरू हो चुका है। चर्च में तैयारियां चल रही हैं।

# दो बाइक की टक्कर में एक घायल, विवेचना जारी

**मुंगेली।** गीधा मारूती शो रूम के पास मोटर सायकल से मेला देखने जा रहे युवक को अज्ञात मोटर सायकल के चालक द्वारा टककर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे युवक के सिर, दाहिने पैर दाहिने आंख, दोनो पैर के उगंली और पीठ में चोट लगी है। ईलाज हेतु जिला अस्पताल मुंगेली के पश्चात बिलासपुर रिफर किया गया। ग्राम हथनीकला निवासी प्रीतम खुंटे पिता स्व. पदुमलाल खुंटे 20 दिसम्बर की रात हथनीकला घर से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 28 जे 4138 से लालपुर मेला जा रहा था। बिलासपुर मुंगेली मेन रोड में मारूती शो रूम के पास मुंगेली तरफ से आ रही अज्ञात मोटर सायकल के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक मोटरसायकल चलाते हुए प्रितम खुंटे के मोटर सायकल टक्कर मारकर सामने से एक्सीडेंट कर दिया। इससे मोटर सायकल सवार युवक के सिर, दाहिने पैर दाहिने आंख, दोनो पैर के उंगली और पीठ में चोट लगी है। घटना के बाद ईलाज हेतु जिला अस्पताल मुंगेली में ईलाज के लिए भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात उन्हे बिलासपुर रिफर कर दिया गया। सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।



## सड़क किनारे दुकानदारों से वसूली

**मुंगेली।** रोड के किनारे फुटकर फल दुकान, सब्जी दुकान, ठेला, गुमटी लगाने वाले 33 दुकानदारों पर 5980 रूपये की वसूली की गई। नगर सीमा क्षेत्रांतर्गत पंडरिया रोड में रोड के किनारे फुटकर फल दुकान, सब्जी दुकान, ठेला, गुमठी या रोड, स्थाई दुकान के सामने जिन व्यापारियों द्वारा दुकान लगाया जाता है। ऐसे व्यापारियों को नगर पालिका द्वारा पूर्व में समझाईश दी गई थी। नोटिस भी तामील करायी गई कि वह अपने-अपने दुकानों को रोड के किनारे से हटा लें। नही हटाये जाने पर 24 दिसम्बर को दुकानदारो से अर्थदण्ड वसूली की गई।






24- DEC- BSP- p-7 full page_Layout 1 12/25/2023 2:08 AM Page 1





24- DEC- BSP- p-8 full page_Layout 1 12/25/2023 1:20 AM Page 1















## निधन

### विजय गुप्ता



**बिलासपुर।** कोटा निवासी विजय गुप्ता का 24 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सुबह 11 बजे कोटा रेलवे मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मित्र मिलन ढाबा कोटा के संचालक अजय गुप्ता के छोटे भाई थे।

### सर्वेश कश्यप



**बिलासपुर।** रामा वैली निवासी अधिवक्ता सर्वेश कश्यप पिता स्व. बलराम कश्यप का निधन 23 दिसंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार 25 दिसंबर को सुबह 10. 30 सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे उमेश कश्यप के भाई एवं ऋषिकेश, अखिलेश और राहुल देव कश्यप के चाचा थे।

### ओम प्रकाश अग्रवाल



**सकरी।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी ओमप्रकाश अग्रवाल का 23 दिसंबर शनिवार को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदकिशोर एवं जयकिशन अग्रवाल के पिता थे।

### कृष्ण कुमार गुप्ता



**जरहागांव।** बरेला निवासी 74 वर्षीय कृष्ण कुमार गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे राहुल गुप्ता के पिता, अशोक कुमार के छोटे भाई तथा विक्रांत, शुभम के चाचा थे।

### रिंकू जायसवाल



**जरहागांव।** ठकुरीकापा निवासी 23 वर्षीय रिंकू जायसवाल का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे बृजभूषण के पुत्र तथा शुभम, रितेश के भाई थे।

### लतेल राम कौशिक



**सकरी।** सकरी निवासी लतेल राम कौशिक का 80 वर्ष की आयु में 24 दिसम्बर रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अनिल एवं मनोज कौशिक के पिता थे।

### गणेश राम साहू



**सकरी।** सकरी नगर निवासी गणेश राम साहू का 51 वर्ष की आयु में आज 23 दिसम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 दिसम्बर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शेखर साहू एवं खुशबू साहू के पिता थे।

## सकरी में हमारा संकल्प,विकसित भारत योजना का लगा शिविर

# केन्द्रीय योजनाओं का लाभ दिलाना उद्देश्यः धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगो को दिलाने के लिय केन्द्र सरकार द्वारा हमारा संकल्प, विकसित भारत योजना चलाई जा रही है। सकरी नगर के विद्यालय मैदान परिसर में रविवार को शिविर लगाया गया यहां अलग अलग विभाग द्वारा बारह स्टाल पीएम स्व-निधि योजना, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य शिविर, आधार अद्यतन केन्द्र, पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महिला एवं बाल विकास योजना, बैंक स्टाल,पोस्टल स्टाल, अमृत मिशन योजना, एलडीडी का स्टाल लगाया गया था।

नगर के वार्ड क्रमांक 1 एवं वार्ड क्रमांक 2 के कुल 3131 हितग्राहियों ने भाग लिया और 1090 लोगो ने विभिन्न योजनाओं के लिए अपना पंजीयन कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जो जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, उसे जमीनी स्तर पर लाकर प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से हमारा संकल्प, विकसित भारत योजना चलाई जा रही है। योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। अधिकारी मुझे कागजी आंकड़ा न दिखाएं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। मोदी की गारंटी को पूरा करना है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी योजनाओं से लोगो को लाभान्वित कराकर उनका विकास करना है। अमृत मिशन योजना में सकरी जोन का नाम ही नहीं है। अब सकरी में अमृत मिशन योजना की स्वीकृति कराई जाएगी। बैंक अधिकारियों को मध्यमवर्गीय ठेला संचालक, दुकान संचालकों को ऋण योजनाओं का लाभ दिलाने निर्देशित किया, ताकि उनको अपना रोजगार चलाने में मदद मिलने के साथ ही उपस्थित लोगो से



### जनदर्शन से होगा समस्या का समाधान

आम लोगो को राजस्व विभाग से होने वाली समस्या को ध्यान में रखते हुवे इसके समाधान हेतु विधायक धर्मजीत सिंह ने एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रत्येक शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय तखतपुर में जनदर्शन लगेगा, जहां एसडीएम लोगो के राजस्व संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण करेंगे।

उन्होंने स्वास्थ्य शिविर में जाकर निशुल्क बीपी शुगर जांच कराने की भी अपील की। कार्यक्रम को वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद दिलीप कोरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य भारती माली, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रवि मेहर, पूर्व पार्षद राजेश तिवारी, नगर पालिका तखतपुर के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बाला सिंह ने भी शासन की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विचार रखा। विधायक ने योजना से जुड़े कैलेंडर और साहित्य का मंच में विमोचन एवं सभास्थल पर लगे सभी स्टालों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया । शिविर में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सूरज मिश्रा, दरस पनिक,पूर्व जनपद सदस्य राकेश तिवारी, पूर्व पार्षद मनोज सोनकर, अवतार मानिकपुरी, सुरेश यादव, संजय यादव, रामकिशोर साहू, प्रभात साहू, वरुण सिंह, अमित मंदानी, सौरभ पाण्डेय, निलेश सिंह, पूर्व पार्षद संजय यादव, अक्षय श्रीवास, गांधी श्रीवास, दुर्गेश पाल, राजेश यादव, तिलक राव मराठा, विजय यादव, राहुल श्रीवास, राजकमल साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामकली मेहर, मंगला पांडेय, लक्ष्मी साहू, पूर्व जनपद सदस्य भोलानाथ तिवारी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश तंबोली, नगरवासी, कार्यक्रम के संयोजन में तखतपुर एसडीएम महेश शर्मा, एडिशनल कमिश्नर राकेश जायसवाल, कार्यालन अभियंता प्रवीण शुक्ला, जोन कमिश्नर सकरी रंजना अग्रवाल, सकरी एई किरण सोनी, सकरी उपअभियंता आशीष गुप्ता, आरआई विवेक पांडेय, परियोजना अधिकारी अनुराधा आर्या सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## धमनी को हराकर करहीपार ने जीता क्रिकेट मुकाबला

**बिल्हा।** क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता का रविवार से बिल्हा कॉलेज ग्राउंड में भव्य उद्घाटन किया गया, जिसमें पहला मैच धमनी और करहीपार के खेला गया। धमनी की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। करहीपार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 60 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी धमनी की टीम 8 विकेट के नुकसान में 38 रन ही बना सकी। पहले मैच में धमनी को हराकर करहीपारा ने अगले राउंड में प्रवेश किया। शानदार 33 रन की पारी खेलने वाले करहीपार के कैप्टन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरा मैच मोहदा और बिल्हा वारियर्स के मध्य खेला गया, जिसमें बिल्हा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 55 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे मोहदा कि टीम 2 विकेट के नुकसान में 56 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। आल राउंडर प्रदर्शन करने वाले ईश्वर 3 विकेट और 10 रन को मैन आफ द मैच दिया गया। मैच में मुख्य अतिथि में रज्जू डहरिया, महेश मखीजा, दिनेश मखीजा, शशि जांगड़े, सोपी यादव, रवि मोबाइल, प्रीतम बांधे, योजन समिति के संजय बघेल, राकेश बघेल, राकेश, सूर्यकांत, सिद्धू, सौरव, कविराज, अखिल, गौरव अन्य उपस्थित थे।

## किसानों के बोनस वितरण में आज शामिल होंगे अमर

**मस्तूरी।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस मौके पर किसानों को खरीफ वर्ष 2014-15 और 2015-16 की धान कि बोनस राशि वितरण करने सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल उपस्थित रहेगें। इस अवसर पर कोसमडीह मार्ग में स्थित मस्तूरी के धान खरीदी केंद्र में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम में बोनस वितरण तथा अन्य कार्यक्रम होंगे। सुसाशन दिवस के अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्जवलन पश्चात सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया जाएगा।

## नपा सभाकक्ष में सुशासन दिवस कार्यक्रम आज

**तखतपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर को नगरपालिका तखतपुर के सभाकक्ष में प्रातः 10 बजे सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील सीएमओं भूपेश दिवान ने कहीं।

## अटल ने खरगहनी में किया सीसी रोड का लोकार्पण

**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव आज कोटा ब्लॉक के ग्राम खरगहनी कुक दूर पीपर पारा पीपर तराई के दौरे पर रहे। ग्राम खरगहनी में 5 लाख की लागत से सीसी रोड का लोकार्पण किया।

पंचायत भवन में ग्राम वासियों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की। ग्राम कुकदूर में ग्राम वासियों ने स्वागत किया और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। श्रीवास्तव ने आभार देते हुए जल्द समस्याओं को निराकरण करने वादा किया। ग्राम पंचायत पीपरपारा में शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन में शामिल हुए। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले को 15000 रुपए का पुरस्कार विधायक की ओर प्रदान किया। उक्त अवसर पर आदर्श युवा कल्याण समिति एवं ब्लॉक कबड्डी संघ कोटा ने विधायक का स्वागत किया उसके पश्चात विधायक ग्राम पौड़ी एवं पीपर तराई



पहुंचकर बाबा गुरु घासीदास जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कोटा के विकास के लिए उन्हें मुख्यमंत्री या संबंधित मंत्री के यहां भी जाना पड़ेगा तो जाएंगे। विधायक निधि से भी ग्राम वासियों की छोटी-छोटी मांगों को पूरा करेंगे। श्रीवास्तव ने कहा कि कोटा की जनता के बीच में पूरे 5 साल उपलब्ध रहूंगा। आज के कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित, कुलवंत सिंह, संतोष मिश्रा, दीपक रजक, अभय नारायण राय, नीलेश मधेवार, अजय मोहन, अरुण त्रिवेदी, लक्ष्मी महाराज, प्रदीप परिहार, दिल हरण श्रीवास, राजू सिदार, हाशिम अली, प्रशांत अग्रहरि, अश्वनी टोडर, शकुंतला मरावी, दिनेश साहू, तिलक कॉले, रामेश्वर मरकाम, विष्णु केवट, छबिलाल मरावी, शिव सिंह, कुंज बिहारी साहू, ओम प्रकाश गौरी, गौरा समित सरपंच रजनी मरकाम, शांतिलाल बारे , जगत मोहन, प्रताप मरकाम, विनोद बंजारे, कृपाराम यादव, आकाश तिवारी, अभय यादव, मदन सिंह जगत, सनत कुमार पोर्ते, रामकुमार, रामचंद्र मरावी, दिलीप बंजारे, सुखराम की लहरे, गणेश लहरे सुभाष लहरे कारण लहरे सूर्यभान सिंह अन्य उपस्थित थे।

## राम भक्ति मोक्ष प्रदायनीः संकर्षण

**लखराम।** लखराम के सरस्वती मंदिर परिसर में श्री राम कथा मोक्ष प्रदायिनी गंगा प्रवाहित हो रही है। प्रयागराज से पधारे संकर्षण शरण महाराज के मुखारवृन्द से भगवान श्रीराम चन्द्र की अमृतमयी कथा का आनन्द लखराम के साथ साथ पूरे क्षेत्र के भक्त ले रहे हैं। भगवान शिव माता पार्वती के विवाह की कथा, बारातियों का अद्भुत स्वरूप,माता नैना की पुत्री प्रेम एवं दामाद के स्वरूप पर संशय तथा जीवन की सफलता हेतु श्रीराम कथा की सार्थकता की मनभावनी एवं पावनी कथा श्रवण कर श्रोता फूले नहीं समा रहे हैं। कथा कार्यक्रम के आयोजक केदारनाथ गुप्ता, श्रीमती शशि गुप्ता, तुषार गुप्ता श्रीमती शिखा गुप्ता के साथ परिजन एवं ग्रामवासी प्रबल भक्ति भावना से कथा श्रवण कर अमूल्य समय का लाभ ले रहे हैं।





## क्रिसमस पर्व पर आकर्षक लाइट से सजे गिरजा घर

**तखतपुर।** क्रिसमस पर्व को लेकर स्थानीय गिरजा घरों में रंग रोगन और आकर्षक लाइट से सजाया गया और पूर्व दिवस संडे पड़ जाने के कारण विशेष आराधना भी की गई। प्रभु यीशू के संदेश लेकर गड़रिया दल घर पहुंचें। क्रिसमस का पर्व 25 दिसम्बर को मसीहीजन उत्साह पूर्वक मनाऐंगे और इसके लिए लगभग एक सप्ताह पूर्व से ही चर्च में तैयारियां प्रारंभ कर विशेष रंग रोगन करने के साथ ही आकर्षक लाईटों से चर्च को सजाया गया है। इसके साथ ही इसके पूर्व कई आयोजन भी किए गए तथा शाम होते ही गड़रिया दल प्रभु यीशू का संदेश लेकर घर-घर पहुंचकर उन्हें ईसा मसीह का संदेश सुना रहे हैं। आज रविवार हो जाने के कारण चर्च में विशेष आराधना की गई। इसके साथ ही जैसे ही रात्रि में 12 बजेगा प्रभु यीशु जन्म लेंगे। क्रिसमस पर्व मनाने की शुरूआत होगी। विशेष आराधना और लोग एक दूसरे को बधाई देंगे।




24 DEC- BSP-Bhoomi--pg-10_Layout 1 12/25/2023 12:45 AM Page 1



खबर संक्षेप

## पेड़ों की कटिंग कर सड़क पर छोड़ा



**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा बिजली तार में झुल रहे पेड़ों की डंगालों की कटाई की गई है, जेल चौक, जीडीसी कालेज व लिंक रोड पर कटाई की गई है, लेकिन बिजली विभाग ने डगालों को सड़क पर ही छोड़ दिया है। फुटपाथ पर रखे इन डंगालों से लोगों को चलने में दिक्कत हो रही है। वहीं सड़क के सौदर्यीकरण में भी बट्टा लग रहा है। बताया जा रहा है कि निगम द्वारा इस कचरे को साफ किया जाएगा, लेकिन शनिवार के बाद रविवार को भी कचरा सड़क पर ही पड़ा रहा, इसे उठाने के लिए निगम की गाड़ी नहीं आ सकी है।

## जानलेवा गड्ढा,हादसे को निमंत्रण



**बिलासपुर।** शहर में एक बार फिर अमृत मिशन शुरू कर दिया गया है, दो दिन पहले कलेक्टर बंगले के सामने अमृत मिशन का पाइप लाइन सुधारा गया है, लेकिन निगम के कर्मचारी खोदे गए गड्ढें को बंद करना भूल गए हैं, निगम ने लोगों की सुरक्षा को लेकर इसमें सुरक्षा फीता लगाया है, लेकिन यह गड्ढा हादसे को निमंत्रित कर रहा है। दरअसल यह सड़क सबसे व्यस्तम सड़क में से एक है, वहीं स्कूल और कालेज होने के कारण बड़ी तादात में बच्चें भी आते व जाते है, कई शरारती तत्व तेजवाहनों के साथ गुजरते है ऐसे में यह गड्ढा जानलेवा साबित हो सकता है। इसके साथ ही रिवर व्यू में भी अमृत मिशन के लिए गड्ढा कर छोड़ा दिया गया है, जिससे आने जाने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## बंदर को बचाने के फेर में आटो पलटा, बालक की मौत

**बिलासपुर।** बंदर को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर आटो पलट गया। हादसे में एक बालक की मौत हो गई है। कोनी टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, सेमरताल निवासी आदर्श यादव पिता संतोष यादव 13 साल गांव के आटो में बैठकर चालक के साथ जा रहा था। दोपहर 3.30 बजे रास्ते में अचानक बंदर आने से चालक ब्रेक मार दिया। आटो की रफ्तार तेज होने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में आदर्श यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है।

## घर में घुसकर युवकों ने महिला को पीटा

**बिलासपुर।** घर में घुसकर तीन युवकों ने एक महिला के साथ जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। विंध्यासागर निवासी संगीता वस्त्रकार पति रमेश कुमार वस्त्रकार के पति 22 दिसंबर को काम से बाहर चले गए थे। रात 10 श्रीमती वस्त्रकार भोजन करने के बाद बच्चों के साथ सो गई थी। उस समय घर के दरवाजे में खटखाने की आवाज सुनकर उन्होंने दरवाजे खोली तो बाहर मे रेनू, रमेश, शिव खड़े हुए थे। गाली गलौज करने लगे। जिससे वह घर के अंदर चली गई। तीनों युवक घर घुसकर डंडा, हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# नेहरू नगर स्मार्ट सड़क के बीच इलेक्ट्रिक पोल, हादसे को न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमेरी चौक से नेहरू नगर तक करोड़ों रुपए खर्च कर स्मार्ट सड़क तो बना दी गई, परन्तु सड़क के बीच आ रहे बिजली के खंबों को हटाया नहीं गया है। इन खंबों से सड़क की सूरत तो बिगड़ ही रही है, हादसों का खतरा भी मंडरा रहा है। निगम और विद्युत मंडल के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

■ अधिकारी कह रहे फंड आने पर होगा काम

3 करोड़ की लागत से बनी यह स्मार्ट सड़क शुरू से विवादों से घिरी रही है। अधूरा बेजा कब्जा हटाकर बनाई गई इस आड़ी टेढ़ी सड़क पर कई काम नहीं किए गए हैं। वर्तमान में बड़ी समस्या बिजली के खंबों की है। सड़क बनाने का ठेका नगर निगम ने किया है, स्मार्ट सिटी फंड से सड़क का निर्माण पूरा कराया गया है, लेकिन सड़क बनाने से पहले खंबा हटाने के बारे में सोचा ही नहीं गया है, जिसके चलते सड़क चौड़ीकरण के बाद खंबें अब सड़क के बीच दिखाई दे रहे हैं। इस सड़क पर रोजाना हजारों लोगों की आवाजाही होती है, रात के अंधेरे में कोई भी खंबे से टकरा सकता है।



निर्माण के बाद टू लेन स्मार्ट सड़क के बीच में बिजली का खंबा।

### सड़क किनारे है बिजली कार्यालय

खास बात यह है कि सड़क का निर्माण पिछले डेढ़ साल से किया जा रहा है, लेकिन खंबे हटाने की फुर्सत निगम और बिजली विभाग दोनों को नहीं है। सड़क के बाजू में सिटी सर्किल का सबसे बड़ा सबस्टेशन है। इस सड़क पर पश्चिमी डिवीजन का कार्यालय है, जहां ईई, एई और पूरा स्टाफ कार्यरत रहता है, सड़क से होकर उनका भी आना-जाना लगा रहता है, लेकिन खंबों की सुध लेने के लिए अधिकारियों के पास समय नहीं है। ऐसे में अधिकारियों के काम करने के तरीके पर भी सवाल उठाने लगा है।

### खंबा हटाना जरूरी

सड़क बनाने के समय निगम के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया है, अधिकारियों से चर्चा कर इस बारे में अवगत कराया जाएगा, खंबा हटाना जरूरी हो चुका है, इससे हादसा भी हो सकता है।

-एसके जांगड़े
ईई, सिटी सर्किल

### किया गया है पत्राचार

खंबा हटाने के लिए नगर निगम द्वारा बिजली विभाग को इस संबंध में पत्राचार किया गया है, डेढ़ माह से हम जवाब का इंतजार कर रहे हैं, डिमांड आने पर फंड दिया जा सकता है। खंबा बिजली विभाग को ही हटाना होगा।

-प्रवीण शुक्ला, कार्यपालन अभियंता, नगर निगम

## 6 साल बाद भी नहीं दिया सब इंस्पेक्टर भर्ती का रिजल्ट

# टूटा सब्र, पैदल रायपुर निकले अभ्यर्थियों को प्रशासन ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सब इंस्पेक्टर भर्ती का रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर सैकड़ों अभ्यर्थियों ने रविवार को गांधी चौक से तिरंगा यात्रा निकाला और पैदल रायपुर के लिए रवाना हुए, लेकिन प्रशासन ने चकरभाठा मोड हाईकोर्ट के पास ही इन अभ्यर्थियों को रोक दिया। तहसीदार ने उन्हें समझाइश देते हुए उनसे मांग पत्र लिया और जल्द ही रिजल्ट जारी करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद सब इंस्पेक्टर के सैकड़ों अभ्यर्थियों वहां से लौट आए।

■ युवाओं का आक्रोश, सरकारों पर लगाया आरोप

अभ्यर्थी 2018 में हुई भर्ती का रिजल्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं, इस दौरान बड़ी संख्या में सुबह 8 बजे गांधी चौक में एकत्रित होकर अभ्यार्थियों ने जल्द से जल्द रिजल्ट जारी करने की मांग करते हुए हाथ में हाईकोर्ट के आदेश कॉपी और तिरंगा लेकर रायपुर जाने के लिए पैदल कूच किया। अभ्यर्थियों ने कहा कि सब इंस्पेक्टर संवर्ग भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया को 6 वर्ष पूरे होने वाले हैं, इस भर्ती की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन अब तक रिजल्ट जारी नहीं किया गया।




रायपुर की ओर निकले युवाओं को पुलिस के जवानों ने हाईकोर्ट के पास रोका।

### हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

2018 में छत्तीसगढ़ में सब इंस्पेक्टर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब तक ये पूरी नहीं हुई है। अभ्यर्थी असमंजस की स्थिति में फंसे हुए हैं और उनका भविष्य अधर में है। सब इंस्पेक्टर भर्ती के रिजल्ट में हुई देरी के बाद हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की गई थी। जिसके बाद उच्च न्यायालय ने रिजल्ट जारी करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे। जिसकी प्रक्रिया 5 जनवरी 2024 तक पूरी की जानी है। अफसरों ने उस दौरान चुनाव और निर्वाचन आयोग का हवाला देते हुए रिजल्ट घोषित नहीं की थी।

### एक पंचवर्षीय सरकार बदल गई

प्रदेश में सब इंस्पेक्टर सूबेदार और प्लाटून कमांडर के 655 पदों में भर्ती के लिए अगस्त 2018 को विज्ञापन जारी किया गया था। उस दौरान भाजपा सरकार में थी। इसके बाद चुनाव हुआ तो कांग्रेस सत्ता में आई। जिसे 2021 में बढ़ा कर 975 किया गया और अलग-अलग चरणों में भर्ती की प्रक्रिया को पूर्ण किया जा चुका है, 2023 में फिर विधानसभा चुनाव हुआ कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई और भाजपा सरकार बना ली। लेकिन रिजल्ट अभी तक जारी नहीं किया गया है। जिसकी वजह से सरकार के खिलाफ अभ्यार्थियों की नाराजगी सड़कों को पर दिख रही है।

बिलासपुर गांधी चौक से निकली पैदल यात्रा में अलग-अलग चौक-चौराहे और गांव में सब इंस्पेक्टर परीक्षा में शामिल अभ्यार्थी शामिल होते रहे। सुबह 9 बजे बिलासपुर से निकली पैदल तिरंगा यात्रा को रायपुर पहुंचने से पहले ही चकरभाठा हाईकोर्ट के पास पुलिस-प्रशासन की टीम ने रोक दिया इस दौरान समझाइश दी की जल्द से जल्द आदेश जारी कर दिया जाएगा।



ई रिक्शा चालकों की मांग सुनते नगर विधायक अमर अग्रवाल।

# ई रिक्शा चालकों ने दी चेतावनी विधायक से मिले, स्टापेज की मांग

**बिलासपुर।** शहर में संचालित ई रिक्शा चालकों ने हड़ताल की चेतावनी दी है। मांगों को लेकर इन रिक्शा वालों ने रविवार को नगर विधायक अमर अग्रवाल से मुलाकात की। चालकों के मुताबिक शहर में 4 हजार के करीब ई रिक्शा चल रहे हैं, लेकिन स्टापेज की सुविधा नहीं मिल पा रही है। जहां रिक्शा खड़ी करते हैं। वहां आटो चालक विरोध करने लगते हैं। इससे विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। रेलवे और बस स्टैंड में तो कई बार मारपीट भी की गई है। ई-रिक्शा चालकों का आरोप है कि आटो वाले चाबी छीन लेते हैं और सवारियों को भरने पर मारपीट करते हैं। विधायक श्री अग्रवाल ने मामले में कलेक्टर और निगम आयुक्त से चर्चा करने का आश्वासन दिया है।

■ आटो चालकों पर मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप

पिछले कुछ दिनों से आटो चालक और रिक्शा चालकों के बीच विवाद जारी है। यातायात विभाग ने किसी भी तरह विवाद को शांत कराया, लेकिन ई रिक्शा वालों को स्टापेज नहीं मिला है। ई रिक्शा चालकों का कहना है कि वे स्टापेज के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं कि दूसरी सवारी गाड़ियों की तरह उन्हें भी सम्मानपूर्वक सवारी भरने का स्थान मिले। अपनी गाड़ियों में यात्रियों को बैठाकर उनके गंतव्य सुरक्षित पहुंचा सके। स्टापेज नहीं होने के कारण चालकों को परेशानी हो रही है।

### आटो की तरह हो स्थाई स्टैंड

ई रिक्शा वालों ने रिवर व्यू में एक बैठक की। इस दौरान चर्चा में कहा गया कि रेलवे ने पांच आटो के बाद एक ई-रिक्शा चलाने की अनुमति तो दी है, लेकिन यह काम तभी संभव होगा जब इसकी रोजाना मानिटरिंग होगी। आटो वालों की तरह ही स्थाई स्टैंड की मांग करने पर जोर दिया। वे भी आटो वालों की तरह एक निश्चित किराया वसूल करेंगे और अनुशासन का पालन करेंगे। ई रिक्शा चालकों ने शहर में रेलवे स्टेशन के अलावा उसलापुर स्टेशन, सिम्स चौक, नया, पुराना बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौक, नेहरू चौक और मंगला चौक में स्टापेज देने की मांग की है। फिलहाल उन्हें यहां रुकने की अनुमति प्रदान नहीं की गई है।

### कम किराया आटो वाले परेशान

दरअसल ई रिक्शा के चालक शहर के भीतर यात्रियों को कम पैसों में सफर करवा रहे हैं। जबकि ऑटो वाले निर्धारित किराए से अधिक वसूलते हैं। रेलवे स्टेशन में ई रिक्शा वालों को इसलिए ही प्रवेश नहीं मिल रहा क्योंकि इससे ऑटो वालों की मनमानी बंद हो जाएगी। पुलिस प्रशासन ने भी स्पष्ट कर दिया है कि सवारी के नाम पर कहीं भी किसी पेट्रोल डीजल वालों की मिल्कियत नहीं चलने वाली है। शहर का सबका है उसके हिसाब से यहां सभी को बराबर अधिकार भी बांटे जाएंगे।

# युवक की हत्या का मामला पुलिस नहीं सुलझा पाई

**बिलासपुर।** युवक की हत्या कर रेलवे लाइन में लाश फेंकने का मामला रहस्य ही रह गया, पुलिस इस गुत्थी को सुलझा नहीं पाई। पुलिस मृतक की पहचान तक नहीं कर पाई है।

2 सितंबर को दोमुहानी के लोगों ने बंद रेलवे लाइन में 30 से 35 साल के युवक की लाश देखी। सूचना पर पुलिस ने आसपास के लोगों को तलब कर पहचान कार्रवाई कराई, किन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई। पीएम के बाद पुलिस ने उसका अंतिम संस्कार करा दिया था। पीएम रिपोर्ट में युवक की हत्या करने की पुष्टि की गई। उसके आधार पर अज्ञात के खिलाफ धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। आलम यह है कि साढ़े तीन माह में पुलिस मृतक का पहचान तक नहीं कर पाई है। हत्या जैसे मामले में पुलिस की जांच पर सवालिया निशान लग रहा है। पुलिस घटनास्थल व आसपास में सुक्ष्मता से जांच करती तो कोई ना काई सुराग हाथ लगता और मृतक की पहचान हो जाती और हत्यारे सलाखों के पीछे होते। किन्तु मामले की डायरी थाने में धूल खाते पड़ी हुई है।

### लाश को लगाया गया था ठिकाने

युवक की कहीं और हत्या करने के बाद आरोपियों के द्वारा किसी वाहन से लाश को घटनास्थल पर लाने की आशंका जताई जा रही है। आरोपी हत्या की वारदात को ट्रेन हादसा का रूप देने लाश रेलवे लाइन में रखकर भाग गए। रात के अंधेरे में उन्हें बंद रेलवे लाइन नजर नहीं आई।

### नहीं हुई है पहचान

पहचान कार्रवाई के लिए घटनास्थल के पास के अलावा पुलिस टीम को पड़ोसी जिलों में भेजकर पतासाजी कराई गई। किन्तु मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक के पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पहचान कार्रवाई के बाद आरोपियों का खुलासा हो पाएगा।

-कमला पुसाम ठाकुर
तोरवा टीआई

# नए साल में होगा बड़ा फेरबदल, काम नहीं करने वाले थानेदार होंगे बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नए साल की शुरूआत में जिले थानेदारों में बड़ा फेरबदल किया जाएगा। चुनाव के दौरान तबादला में आए नए थानेदारों को नई जिम्मेदारी मिलेगी। वहीं काम नहीं करने वाले थानेदार को बाहर किया जाएगा।

■ चुनाव के समय में आए थानेदारों को मिलेगी नई जिम्मेदारी

एसपी संतोष कुमार सिंह ने पूर्व क्राइम मीटिंग में जिले के थानेदारों को 10 फीसदी कम पेंडिंसी का टारगेट दिया गया है। 31 दिसंबर के बाद थानों की पेंडेंसी निराकरण करने की समीक्षा की जाएगी। जिन थानेदारों के द्वारा टारगेट पूरा नहीं किया गया होगा। उन थानेदारों को थानेदारी से हाथ धोना पड़ सकता है। बताया जाता है विधानसभा चुनाव के दौरान दूसरे जिले आधा दर्जन थानेदार तबादला में आए हैं। उनसे पुलिस लाइन, चुनाव सेल, डीएसबी का कार्य लिया जा रहा है। खबर है कि तबादला में आए नए थानेदारों नए साल में थानेदारी की सौगात मिलने संभावना है। वहीं लंबे समय से थानेदारी कर रहे, काम नहीं करने वाले थानेदारों की हटाने की चर्चा है।



### क्राइम ब्रांच में भी होगा फेरबदल

थानेदारों के अलावा क्राइम ब्रांच के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। गठन के बाद टीम में शामिल कई पुलिसकर्मी हटाए गए और नए पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग की गई है। थानेदारों की तर्ज पर जो काम में कमजोर, शिकायत मिलने वाले पुलिसकर्मियों को हटा कर नए पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग करने की चर्चा है।

### थानेदार, पुलिसकर्मियों को दिया जाएगा मौका

चुनाव के समय आधा दर्जन थानेदार जिले में तबादला में आए हैं। दिसंबर माह में पेंडेंसी की समीक्षा कर काम नहीं करने वाले थानेदारों को हटाकर नए थानेदारों थाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। क्राइम ब्रांच के कार्य की समीक्षा की जाएगी। जरूरत होने पर वहां भी फेरबदल किया जाएगा।

-संतोष कुमार सिंह, एसपी

# उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण बदला मौसम, न्यूनतम तापमान 13 डिग्री

**बिलासपुर।** निम्न दबाव और चक्रवात के चलते बादल उत्तर भारत में प्रवेश कर रहे हैं, इन दिनों ठंड कम हुई है और अधिकतम-न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसके कारण रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा है। पश्चिमी हवा के असर के कारण बिलासपुर सहित रायपुर, दुर्ग में रात का पारा भी बढ़ा है। जिले का न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री रहा। मौसम विभाग की माने शहरी क्षेत्रों में भी ठंड का असर है, लेकिन बिलासपुर, रायपुर, अंबिकापुर, पेण्ड्रा में न्यूनतम तापमान औसत से 1 से 2 डिग्री अधिक रहा।

### 2012 और 2019 में 29 दिसंबर सबसे ठंडा

मौसम विभाग ने हाल ही में प्रदेश के सभी जिलों में 10 वर्ष डाटा साइट पर उपलब्ध किया है। इसमें बिलासपुर जिले में 29 दिसंबर 2012 में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री और 29 दिसंबर 2019 में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री दर्ज हुई है। जबकि इस वर्ष अब तक न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे नहीं आया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के कारण नमी की मात्रा में थोड़ी कमी आ रही है। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आ रही है। लेकिन पूर्व में अपेक्षाकृत गर्म हवा रही है। इसके कारण मैक्सिमम टेंपरेचर में थोड़ी सी वृद्धि होने की संभावना है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# सिविल जज इंटरव्यू पर आपत्ति, हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

**बिलासपुर।** सीजी पीएससी ने छत्तीसगढ़ व्यवहार न्यायाधीश (प्रवेश स्तर) परीक्षा 2022 परीक्षा का इंटरव्यू 2 जनवरी से लेने की घोषणा की है। वहीं 1 जनवरी से दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। हालांकि इस इंटरव्यू पर परीक्षा में शामिल एक उम्मीदवार मासूम राठौड़ ने आपत्ति करते हुए हाईकोर्ट में अपील की है। हाईकोर्ट ने मामले में पीएससी को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। इसके पहले छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने भी पीएससी को यह आदेश दिया है कि याचिकाकर्ता को उसके नंबर जारी किए जाएं। इसमें अभ्यर्थी कुमारी मासुम राठौर ने परीक्षा में प्राप्त अपने अंक, कटऑफ अंक, ओ.एम.आर. शीट, संशोधीत मॉडल उत्तर की मांग करते हुए सूचना के अधिकार के तहत आवेदन लोक सेवा आयोग में किया था। पीएससी ने आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया की परीक्षा प्रक्रिया अभी लंबित है। इस आदेश के विरूद्ध अभ्यर्थी ने पहले प्रथम अपील की इस पर पीएससी ने कोई आदेश पारित नहीं किया गया। अभ्यर्थी ने इसके बाद राज्य सूचना आयोग रायपुर छत्तीसगढ़ में द्वितीय अपील की। राज्य सूचना आयोग ने 21 नवंबर 2023 को आदेश दिया कि लोक सेवा आयोग 7 दिन के भीतर अभ्यर्थी को वांछित जानकारी प्रदान करे।

■ याचिकाकर्ता ने की ओएमआर शीट, संशोधित माडल उत्तर की मांग

### पीएससी को देनी थी जानकारी

इस फैसले के बाद अभ्यर्थी ने 23 नवंबर को ही फिर से लोक सेवा आयोग में आवेदन किया था। अभ्यर्थी के उक्त आवेदन पर लोक सेवा आयोग ने दिनांक 28 नवंबर को यह जवाब दिया कि सूचना आयोग के इस आदेश के विरूद्ध हाईकोर्ट में अपील की जाएगी, इसलिए वांछित जानकारी प्रदान नहीं की जा सकती। हालांकि पीएससी ने 28 नवंबर 2023 तक हाईकोर्ट में न कोई रिट दायर की और ना ही सूचना आयोग के आदेश के खिलाफ कोई स्थगन आदेश ही प्राप्त किया। उम्मीदवार के मुताबिक लोक सेवा आयोग परीक्षा की जानकारियां गुप्त रख रहा है जो कि परीक्षार्थियों के अधिकारों से वंचित करने जैसा है। साथ ही सूचना के अधिकार अधिनियम के आदेश आदेशों को मानने से भी इनकार किया जा रहा है।

